प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

07.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे

जन औषधि दिवस

आज जन औषधि दिवस है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना से लाभान्वित लोगों को बधाई दी है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस परियोजना से अनगिनत परिवारों के इलाज़ के ख़र्च में बचत हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार किफायती कीमतों पर गुणवत्तापरक दवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार और प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के प्रयासों के परिणामस्वरूप बोर्ड को राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा व प्रशिक्षण परिषद से "ड्यूल कैटेगरी" मान्यता प्राप्त हुई है। इस उपलब्धि के साथ हिमाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश के बाद देश का दूसरा राज्य बन गया है, जिसे अवॉर्डिंग बॉडी और असेसमेंट एजेंसी दोनों के रूप में मान्यता मिली है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि राज्य में व्यावसायिक शिक्षा को मजबूत करने और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रोहित ठाकुर ने बताया कि इस व्यवस्था के अंतर्गत जारी किए जाने वाले प्रमाण पत्रों को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त होगी, जिससे छात्रों को देश विदेश में रोजगार और उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे।

हिम कार्ड

प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के लिए बसों में 50 प्रतिशत रियायती सफर के लिए हिम बस कार्ड अनिर्वाय किए जाने का जनवादी महिला समिति ने विरोध किया है। जनवादी महिला समिति की राज्य सचिव फालमा चौहान के नेतृत्व में महिलाओं ने आज शिमला में हिमाचल पथ परिवहन निगम के प्रबंधन निदेशक कार्यालय का घेराव किया और महिलाओं के लिए बसों में पहले की तरह 50 प्रतिशत रियायत जारी रखने की मांग की। फालमा चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार एचआरटीसी का लगातार निजीकरण कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं मुख्य रूप से आने–जाने के लिए निगम की बसों पर निर्भर रहती हैं।

महिला दिवस कार्यक्रम

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर कल आठ मार्च को शिमला में महिलाओं के लिए दौड़ का आयोजन किया जाएगा। ये कार्यक्रम भारत सरकार के युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय और प्रदेश सरकार के खेल व युवा सेवा विभाग के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। मेरा युवा भारत शिमला में सहायक निदेशक विजय कुमार ने बताया कि इस दौड़ का उद्देश्य महिलाओं व युवतियों के खेलों में

भागीदारी बढ़ाना, शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूकता फैलाना और खेलों को मजबूत करना है। इस बीच कल 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह नाहन में आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

ईंधन

केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत में ऊर्जा की कोई कमी नहीं है और उपभोक्ताओं को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। नई दिल्ली में उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता लोगों के लिए किफायती और टिकाऊ ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करना है और वह इसे बखूबी पूरा कर रही है। उन्होंने भू—राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद भारत के निर्बाध ऊर्जा आयात के विभिन्न पहलुओं को रेखांकित किया।

इस बीच इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने कहा कि सोशल मीडिया पर पेट्रोल और डीजल की कमी की खबरें निराधार हैं। कंपनी ने कहा कि भारत के पास पर्याप्त ईंधन भंडार है और आपूर्ति व वितरण नेटवर्क सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। कंपनी पूरे देश में निर्बाध ईंधन आपूर्ति बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उसने लोगों से अनुरोध किया कि वे घबराएं नहीं और पेट्रोल पंपों पर भीड़ न लगाएं तथा सटीक जानकारी के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें।

एलपीजी – कीमत वृद्धि

घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कीमत आज से 60 रुपये बढ़ गई है। यह दर महानगरों में लागू होगी। इस बढोत्तरी के बाद, अब दिल्ली में सिलेंडर की कीमत 9 सौ 13 रुपये, मुंबई में 9 सौ 12 रुपये 50 पैसे, कोलकाता में 9 सौ 39 रुपये और चेन्नई में 9 सौ 28 रुपये 50 पैसे हो गए हैं। व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में भी एक सौ 15 रुपये की वृद्धि की गई है।